भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2190
दिनांक 22 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राजस्थान के प्रतापगढ़ एवं जालौर जिलों में नए चिकित्सा महाविद्यालय

2190 श्री नीरज डांगीः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत सरकार राजस्थान के प्रतापगढ़ एवं जालौर जिलों में नए चिकित्सा महाविद्यालयों को खोलने के लंबित प्रस्तावों को स्वीकृत करने का विचार रखती है; और
(ख) यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों-जहां कोई सरकारी अथवा निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है, को वरीयता देते हुए मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से सबद्ध नए चिकित्सा कॉलेजों की स्थापना संबंधी एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है।

उक्त योजना के तीन चरणों में, राजस्थान में 23 नए मेडिकल कॉलेजों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से 07 कार्यशील हो चुके हैं। इसके अलावा योजना के चरण III में स्थापित किए जाने वाले सभी 75 चिकित्सा मेडिकल कॉलेजों को भी मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

****